* K A - 2 0 0 5 *

KA-2005

First Year B. A. Examination
September / October – 2012
Hindi (Compulsory)
भाषा साहित्य कौशल-I

Time : 3 Hours] [Total Marks : **70**

सूचना :

નીચે દર્શાવેલ ☛ નિશાનીવાળી વિગતો ઉત્તરવહી પર અવશ્ય લખવી.
Fillup strictly the details of ☛ signs on your answer book.

Name of the Examination :
☛ **F. Y. B. A.**

Name of the Subject :
☛ **Hindi (Compulsory)**

☛ Subject Code No. : **2 0 0 5** ☛ Section No. (1, 2,.....) : **NIL**

Seat No. :

Student's Signature

१ 'पंचवटी' के काव्यस्वरूप पर सोदाहरण विवेचन कीजिए। १६

अथवा

१ गुप्तजी का 'पंचवटी' खण्डकाव्य लिखने के पीछे क्या उद्देश्य है? स्पष्ट कीजिए।

२ 'पंचवटी' खण्डकाव्य के आधार पर राम की चारित्रिक उदात्तता पर प्रकाश डालिए। १६

अथवा

२ "पंचवटी" खण्डकाव्य में लक्ष्मण के चरित्र को एक आदर्श भाई और आदर्श पति के रुप में चित्रित किया है।" – कथन की चर्चा कीजिए। १६

३ (अ) निम्न गद्यांश का एक–तिहाई भाग में संक्षेपण कर उसका उचित शीर्षक दीजिए। ७

"वर्तमान शासन प्रणालियों में जनतंत्र से बढ़कर कोई प्रणाली नहीं है, क्योंकि उसमें जनता को स्वयं यह अधिकार प्राप्त रहता है कि, वह अपने प्रतिनिधियों को चुनकर विधानसभाओं और संसद में भेजती है। ऐसे प्रत्यक्ष चुनाव में प्रायः वही व्यक्ति चुना जाता है, जिसका सार्वजनिक जीवन अच्छा हो और जो जनता की सेवा करता है। इस प्रणाली में जनता को यह अधिकार है कि, यदि वह किसी दल अथवा किसी व्यक्ति के कार्यों से असन्तुष्ट हैं, तो दूसरी ओर उस–दल या व्यक्ति को अपना मत न दे। निर्वाचन में विरोधी दलों के भी कुछ व्यक्ति चुने जाते हैं, जो अपनी आलोचना से शासक दल के स्वेच्छाचार पर अंकुश रखते हैं। इस प्रकार देश की शासन – प्रणाली में विरोधी दलों का भी महत्वपूर्ण स्थान होता हैं।"

अथवा

३ (अ) पल्लवन कीजिए। ७

"विदेशी भाषा का विद्यार्थी होना बुरी – बात नहीं, परन्तु अपनी भाषा सर्वोपरी है।"

(ब) अपनी सखी स्नेहल को समय का महत्व समझाते हुए पत्र लिखिए। ७

अथवा

(ब) अपने कॉलेज में मनाए गये वार्षिकोत्सव का विवरण करता हुआ पत्र अपने मित्र को लिखिए। ७

४ (अ) निम्न प्रश्नों के संक्षिप्त में उत्तर दीजिए : (किन्हीं पाँच) ५

(१) पंचवटी काव्य का नायक कौन है?

(२) पंचवटी की नायिका कौन है?

(३) गुप्तजीने 'पंचवटी' में कैकेयी को सन्मानित करने के लिए किस पंक्तियाँ राम के मुख से कहलवायी है?

(४) विवाह न कर सकने के क्या कारण राम ने शूर्पणखा को दिये?

(५) लक्ष्मण ने विवाह न कर सकने के क्या कारण शूर्पणखा को दिये?

(६) प्रारंभ में शूर्पणखा किस रुप में लक्ष्मण के सामने आती हैं?

(७) पर्णकुटी से बाहर आयी – सीता को कवि ने किसकी उपमा दी है?

(८) 'पंचवटी' में चित्रित प्रकृति – चित्रण का दो पंक्तियों का उदाहरण लिखें।

(९) राम द्वारा शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर शूर्पणखा ने क्या किया?

(१०) पंचवटी में किसका मनोहारी वर्णन हुआ है?

(ब) वाक्य शुद्ध कर फिर से लिखें : (पाँच) ५

(१) मुझे एक फूल की माला दो।

(२) गौरी को शुद्ध भैंस का दुध चाहिए।

(३) मैं गाँव से वापिस लौट आया।

(४) मेरे को सभी बात मालुम है।

(५) पिताजी का शरीर गद्गद् हो गया।

(६) मेरी बहन को उसने बुलायी।

(७) मेरा – आवाज मधुर है।

(८) बच्चे को काटकर सेब खिलाओं।

(९) चाचाजी का मृत्यु हो गया।

(१०) मैं अपनी स्कूल जाता हूँ।

५ निम्नलिखित वैकल्पिक प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए। १४

(१) पंचवटी का अर्थ क्या है?

(A) पांच नदियों का समूह

(B) पांच सागरों का समूह

(C) पांच वडों का समूह

(D) पांच पहाडों का समूह

(२) राम को अयोध्या वापिस लाने के लिए वन में कौन–कौन गये?

(A) भरत – शत्रुघ्न

(B) भरत – कौशल्या

(C) भरत – कैकेयी

(D) भरत – माताएँ और अयोध्यावासी

(३) लक्ष्मण और सीता के बीच क्या संबंध था ?

(A) पति – पत्नी का

(B) भाई – बहन का

(C) भैया – भाभी का

(D) देवर – भाभी का

(४) पंचवटी के कवि का नाम क्या था ?

(A) मैथिलिशरण गुप्त

(B) सूर्यकान्त त्रिपाठी

(C) सियारामशरण गुप्त

(D) जयशंकर प्रसाद

(५) शूर्पणखा के नाक–कान किसने काटे?

(A) राम ने

(B) भरत ने

(C) लक्ष्मण ने

(D) दशरथ ने

(६) रात्री के एकांत में आयी शूर्पणखा के हाथ में क्या था ?

(A) फूलों की सुंदर वरमाला

(B) भयंकर खोपड़ियों की माला

(C) लाल गुलाबों की माला

(D) सफेद कमलों की माला

(७) राम को कितने साल का वनवास मिला था?

(A) बारह साल

(B) चौदह साल

(C) ग्यारह साल

(D) बीस साल

(८) सीता किसकी पुत्री थी ?

(A) धृतराष्ट्र

(B) पांडु

(C) जनक

(D) दशरथ

(९) राम के पिता का नाम क्या था?

(A) पांडु

(B) जनक

(C) धृतराष्ट्र

(D) दशरथ

(१०) राम को किसके कहने पर वनवास मिला?

(A) कौशल्या

(B) कैकेयी

(C) सुमित्रा

(D) सुनंदा।

(११) लक्ष्मण की पत्नी का नाम क्या था ?

(A) उर्मिला

(B) मांडवी

(C) सीता

(D) मंथरा

(१२) दशरथ की सबसे छोटी रानी का नाम क्या था ?

(A) कैकेयी

(B) कौशल्या

(C) सुमित्रा

(D) मांडवी

(१३) रात्री के समय लक्ष्मण कहाँ बैठे थे ?

(A) नदी किनारे

(B) पेड़ पर

(C) शीला पर

(D) सिंहासन पर

(१४) लक्ष्मण के मना करने पर शूर्पणखा किसके सामने शादी का प्रस्ताव रखती है?

(A) भरत

(B) राम

(C) शत्रुघ्न

(D) विभिषण